卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 359 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦5 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## चिकित्सा उपकरणों की खरीद में करोड़ों का घोटाला: कांग्रेस




देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए चिकित्सा उपकरणों की खरीद में करोड़ों रुपये के घोटाले का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि नियमों की अनदेखी करते हुए विभाग ने भारी भरकम कीमतों पर उपकरण खरीदे, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का चूना लगाया गया है। राजपुर रोड स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान करन माहरा ने बताया कि खून जांचने में उपयोग होने वाले वेन फाइंडर नामक उपकरण की बाजार कीमत महज 50 हजार रुपये है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इसे 5 लाख रुपये प्रति उपकरण की दर से खरीदा। उन्होंने दावा किया कि इस एक उपकरण की खरीद पर ही विभाग ने करीब 5 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। माहरा ने कहा कि यही नहीं, विभाग ने सीटी स्कैन मशीन के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से चीन से खरीद की, जबकि एक भारतीय कंपनी ने इससे कहीं कम कीमत पर निविदा दी थी, जिसे जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने नैनीताल सांसद अजय भट्ट के एक पत्र का (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूर्व छात्रसंघ सह सचिव फंदे से लटका मिला शव

श्रीनगर गढ़वाल(उद संवाददाता)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ सह सचिव समरजीत तेवतिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से छात्र समुदाय और शहर में सनसनी फैल गई। समरजीत का शव शनिवार देर रात उसके आवास पर फंदे से लटका मिला। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, हालांकि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात करीब 2:30 बजे सूचना मिली कि डांग क्षेत्र में रहने वाले 23 वर्षीय समरजीत तेवतिया पुत्र सुबोध कुमार निवासी परतापुर, थाना धौलाना, मेरठ (उत्तरप्रदेश) अपने घर में मृत पाए गए हैं। बताया गया कि समरजीत देर रात तक ऊपरी मंजिल पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ रह रही महिला मित्र उन्हें देखने ग्राउंड फ्लोर पर गई, जहां उसने देखा कि समरजीत का शव पंखे से लटका हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, लेकिन अभी तक मौत के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि समरजीत पिछले दो वर्षों से डांग क्षेत्र में अपनी महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## शहीद की अंतिम यात्रा में उमड़ा सैलाब



कोटद्वार। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में शहीए हुए राइफलमैन सूरज सिंह नेगी की आज सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गयी। इस दौरान हजारों लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देश भक्ति नारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। जानकारी के अनुसार बीते दिवस दुखद खबर ने पूरे पौड़ी जनपद और कोटद्वार क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। भारतीय सेना की गोरखा रेजीमेंट में तैनात राइफलमैन 25 वर्षीय सूरज सिंह नेगी डयूटी के दौरान क्रॉस फायरिंग में गोली लगने से वीरगति को प्राप्त हो गए। सूरज सिंह नेगी, कोटद्वार के लालपुर गांव के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका सपना सेना में जाकर देशसेवा करने का था। वर्ष 2021 में उन्होंने भारतीय सेना में भर्ती होकर यह सपना पूरा किया। देश की सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सूरज ने अपने साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला सीमावर्ती क्षेत्र में अचानक क्रॉस फायरिंग की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी दौरान सूरज सिंह नेगी को गंभीर गोली लगी। उन्हें तुरंत सैन्य चिकित्सालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी भूमि पर चोरी से काट लिया धान

### ट्रैक्टर ट्रॉली और कम्पाइन मशीन जब्त

किच्छा। तुर्क गोरी में सरकार द्वारा सीलिंग एवं लीज समाप्त भूमि कब्जा लेने के उपरांत प्राग फार्म की सरकारी भूमि से एक व्यक्ति द्वारा चोरी से धान की फसल काटने का मामला प्रकाश में आया है। राजस्व विभाग की तत्परता से चोरी से धान कर काट रहे व्यक्ति की कंपाइल एवं धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली राजस्व विभाग द्वारा कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति जिसका नाम सलीम बताया जा रहा है कम्पाइन मशीन लेकर दुर्गा गौरी स्थित राजस्व की भूमि में खड़ी फसल को काटने पहुंच गया। राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंच उनकी मंशा विफल कर दी। उन्होंने मौके से बरामद कम्पाइन मशीन व ट्रैक्ष्टर ट्राली कब्जे में ले पुलिस के सुपुर्द कर दी।उच्च न्यायालय के 13 अगस्त के आदेश के अनुरूप जिलाधिकारी के आदेश के बाद ग्राम पंडरी, तुर्कागौरी, बहराबोझ, गंगोली व कनमन की 1917.30 एकड़ भूमि पर कब्जा ले लिया था। कब्जे में ली गयी भूमि पर धान, गन्ना व सोयाबीन की फसल खड़ी हैं जो कि राज्य सरकार के नियंत्रण में हैं। माफिया खेत मे खड़ी धान की फसल काटने कम्पाइन लेकर पहुंच गए।इसकी सूचना मिलने पर तहसीलदार जीसी त्रिपाठी के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। इस दौरान ग्राम तुकर्कागौरी के खसरा संख्या 26 रकवा 2.0240 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी धान की फसल को कम्पाइन मशीन से काटा जा रहा था। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पर फसल कटान कार्य को रोका दिया।राजस्व विभाग की टीम ने मौके से एक कम्पाइन मशीन व एक धान से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में ले लिया। मौके पर कटान कार्य करवा रहे व्यक्ति ने अपना नाम सलीम पुत्र रफीक अहमद निवासी वार्ड नंबर 12 निकट आठ तारा नूरी मस्जिद किच्छा बताया। सलीम ने बताया फसल काटने के लिए उन्हें एक प्रतिष्ठित कंपनी के मैनेजर द्वारा कहा गया था।

## मारपीट कर नगदी लूटी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में रोडवेज रामलीला मैदान के पास पार्किंग पर्ची काट रहे एक युवक से मारपीट कर नकदी लूटने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरभ रस्तोगी पुत्र स्व. बाबूराम रस्तोगी निवासी शिवनगर वार्ड नं. 8, रुद्रपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 01 अक्टूबर 2025 को रात्रि करीब 11:50 बजे वह रोडवेज रामलीला मैदान के पास पार्किंग की पर्ची काट रहा था। इसी दौरान संदीप कश्यप पुत्र लालता प्रसाद और अर्पित निवासी शिवनगर वार्ड नं. 8 मौके पर पहुंचे और उससे मारपीट करने लगे। झगड़े के दौरान सौरभ की जेब में रखे 14,670 रुपये गिर गए, जिसकी सूचना उसने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी। सौरभ ने बताया कि घटना के बाद जब उसने संदीप कश्यप के बड़े भाई राकेश कश्यप से फोन पर बात की तो उसने धमकी दी कि अगर थाना या कोर्ट गया तो जान से मार दूंगा। इतना ही नहीं, 3 अक्टूबर की रात करीब 9:20 बजे सौरभ जब अपने घर पर था, तभी संदीप कश्यप, उसकी मां प्रेमवती और 2-3 अन्य साथी उसके घर के बाहर आ पहुंचे और फिर से मारपीट करने लगे। मोहल्ले के लोग जब बाहर आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्त में



काशीपुर(उद संवाददाता)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काशीपुर पुलिस और एसओजी टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने मौ. अली खां, काशीपुर निवासी मोहम्मद नाजिर को 12.06 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। नाजिर को उस समय पकड़ा गया, जब वह बाइक पर सवार होकर स्मैक की तस्करी के इरादे से जा रहा था। यह कार्रवाई एसएसपी डॉ. मणिकांत मिश्रा द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत की गई। अभियान के अंतर्गत उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और संबंधित टीमों को निर्देशित किया है कि नशा कारोबारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में एसपी सिटी अभय सिंह और सीओ दीपक सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम ने 4 अक्टूबर 2025 की देर रात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नौगजा मजार के पास एक संदिग्ध पल्सर बाइक सवार को रोका गया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 12.06 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी की पहचान मोहम्मद नाजिर निवासी मोहल्ला अली खां, काशीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी कब्जे में ले ली है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/60 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्वयं सेवक संघ राष्ट्र की रक्षा के लिए तत्पर: बरीत सिंह






रुद्रपुर। ग्राम भूरारानी के अमर इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शासकीय अधिवक्ता और आरएसएस के सहकार्यवाह बरीत सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वयोवृद्ध सुंदरलाल चोटमुरादा ने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अधिवक्ता बरीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देशभर में शताब्दी वर्ष मना रहा है। वर्ष 1925 में डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार ने इसकी स्थापना की थी ।नाममात्र स्वयंसेवकों के साथ बना हुआ यह संगठन आज एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका है। आरएसएस के देश और दुनिया में करोड़ों स्वयंसेवक हैं जो राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य राष्ट्र प्रथम है और राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वयंसेवक सदैव आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कुछ संकल्पों का उल्लेख किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि परिवार प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण और सामाजिक समरसता कितनी महत्वपूर्ण है। जिसका उद्देश्य परिवार प्रबोधन के तहत परिवार के प्रत्येक सदस्य को हर संभव प्रयास करना चाहिए कि वह अधिक से अधिक समय परिवार के साथ बिताए ताकि आपसी प्रेम और सामंजस्य बना रहे। प्रत्येक व्यक्ति को नागरिक कर्तव्य के प्रति जागरूकहोना चाहिए कि वह सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें और समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला,गंभीर

रुद्रपुर। बिन्दुखेड़ा क्षेत्र में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल युवक को बेहोशी की हालत में सरकारी अस्पताल रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिन्दुखेड़ा निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र पप्पू सिंह बीती रात करीब 9 बजे दूध का पैकिट लेने चौराहे पर गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे राज सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी रायपुर, बलजीत सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी अमरपुर, बेंत सिंह पुत्र गुलजार सिंह निवासी बिन्दुखेड़ा तथा उनका एक अज्ञात साथी ने सुरेन्द्र सिंह को रोक लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने सुरेन्द्र सिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में सुरेन्द्र सिंह के सिर पर गंभीर चोटें आईं और एक दांत भी टूट गया। आरोपी उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल सुरेन्द्र को एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल रुद्रपुर लाए। घायल के भाई लखविन्दर सिंह पुत्र पप्पू सिंह ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर उक्त लोगों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दशहरा महोत्सव में विधायक ने कलाकारों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। विजयदशमी के पावन पर्व पर एलायंस कॉलोनी में सांस्कृतिक उल्लास और धार्मिक श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। कॉलोनी में भव्य रामलीला मंचन और दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामलीला के भावपूर्ण और जीवंत दृश्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन समारोह विशेष रूप से यादगार रहा, जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक शिव अरोरा ने नन्हे कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए उन्हें मंच पर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल हमारी सनातन परंपराओं की विरासत आगे बढ़ती है,



बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव की भावना भी प्रबल होती है। रामलीला मंचन में बाल कलाकारों ने भगवान श्रीराम, सीता, रावण, हनुमान आदि पात्रों का भावपूर्ण अभिनय किया। इस भव्य मंचन के निर्देशन की जिम्मेदारी नरेश घई और विशांत ने कुशलता से निभाई, जिन्होंने बच्चों को प्रशिक्षण देकर मंच पर सजीव प्रस्तुति दिलवाई। कार्यक्रम का मंच संचालन भी बेहद आकर्षक रहा, जिसे केवल बत्रा ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न किया। उनकी सराहनीय प्रस्तुति के लिए विधायक शिव अरोरा ने उन्हें भी मंच पर सम्मानित किया। आयोजन में प्रणनीत बांगा, आशु पुजारा, शिल्पा चौधरी, पूजा अरोरा और साक्षी गावा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर एलायंस सोसायटी के प्रमुख पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में सोसायटी अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल, उपाध्यक्ष हरनाम



चौधरी, महामंत्री एस.के. शर्मा, कोषाध्यक्ष ओम सचदेवा, सुमित श्यामपुरिया, राजकुमार चौधरी, दीपक खुराना, दीपक मुंजाल, अशोक सरना, हरबंस अरोरा, बल्देव मुंजाल, महेन्द्र ईशपुजानी सहित कई अन्य सम्माननीय नागरिक मौजूद रहे।

# 1983 राजस्व गांव नियमित पुलिस क्षेत्राधिकार में सम्मिलित

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार ने राज्य के 1983 राजस्व गांवों को नियमित पुलिस क्षेत्राधिकार में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया है। उच्च न्यायालय के आदेश तथा पूर्व मंत्रिमंडलीय निर्णयों के अनुरूप राज्य की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आज राज्य के 1983 राजस्व गांवो को अब नियमित पुलिस क्षेत्राधिकार में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से जनपदों के ग्रामीण एवं सीमांत इलाकों में अब सीधे नियमित पुलिस व्यवस्था लागू हो जायेगी, जिससे अपराधों पर नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और न्याय की उपलब्धता सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश की कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम से जनता की सुरक्षा एवं विश्वास में वृद्धि होगी, जिससे एक सुरक्षित और स्वच्छ सामाजिक वातावरण बनेगा साथ ही पुलिस व्यवस्था और अधिक प्रभावी तथा जवाबदेह बनेगी।

# चमोली के सवाड़ गांव में केन्द्रीय विद्यालय की मिली स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चमोली के सवाड़ गांव में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ ही केन्द्रीय मंत्रीमण्डल का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चमोली के प्रसिद्ध सवाड़ गांव में क्षेत्रीय जनता की मांग पर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिये उनके द्वारा निरन्तर अनुरोध किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जनपद चमोली के सीमांत क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध हो पायेगी तथा क्षेत्र को नई पहचान भी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा का अनुकूल शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के साथ नवाचार से जोड़ा जा रहा है ताकि छात्रों को अच्छी शिक्षा के साथ शिक्षा का उचित माहौल उपलब्ध हो सके।

# नि:शुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। साहू समाज महिला समिति द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह समाज भवन में सम्पन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें हुनर के माध्यम से स्वावलंबन की ओर प्रेरित करना रहा। समापन समारोह में राज्य महिला उद्यमिता की अध्यक्ष श्रीमती रेनू अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें बाजार तक पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री विनीत अग्रवाल, वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय एवं दया सनवाल और अमित अग्रवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने महिला समिति की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल बताया। कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी महिलाओं की मेहनत और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। प्रदर्शनी में धूपबत्ती, संभ्रानी कप, करवाचौथ की सजी हुई थालियां, मूंग-उड़द की दाल की बड़ी जैसी वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। साथ ही, रोशनी साहू के स्वादिष्ट समोसे और सुमन साहू के मोमो सभी मेहमानों और आगंतुकों को खूब पसंद आए। इस सफल आयोजन की अगुवाई साहू समाज महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शशि साहू ने की।



कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री पूजा साहू, उप महामंत्री नीतू राठौर, कोषाध्यक्ष सुनीता साहू, संगठन मंत्री वंदना साहू, मीडिया प्रभारी प्रियंका राठौर, रूपा साहू, सीता साहू, रेखा साहू, सूचना मंत्री बीना साहू, लक्ष्मी साहू सहित निधि साहू, प्रगति साहू, पलक साहू, प्रिया साहू और नेहा साहू का विशेष योगदान रहा। वरिष्ठ साहू समाज पदाधिकारी संरक्षक बाबूलाल साहू, दशरथ प्रसाद साहू, सुखनंदन साहू, अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, युवा अध्यक्ष आशीष साहू, महामंत्री रामबाबू साहू, कोषाध्यक्ष बृजेश साहू, पूर्व अध्यक्ष महेश साहू, शिवमूरत साहू, अजय साहू, दीपक साहू सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# डांडिया और गरबा में प्रतियोगियों ने मचाया धमाल

किच्छा(उद संवाददाता)।जवाहर नगर स्थित श्री मारुति इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया एवं गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ०गणेश उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लता उपाध्याय व विद्यालय प्रबंधक सुमित सांगुड़ी व प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता सांगुड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक रूप से किया। जिसमें विद्यालय छात्राओं एवं महिलाओं द्वारा सुन्दर रंगीन परिधानों में मधुर संगीतमय लोक परम्पराओं से अभिभूत डांडिया व गरबा नृत्य प्रस्तुति ने क्षेत्रवासियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान डॉ० गणेश उपाध्याय ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ दुर्गा की आराधना करते हुए डांडिया और गरबा नृत्य के माध्यम से हम अपनी लोकपरम्पराओं से जुड़कर उल्लास, ऊर्जा और एकता का अनुभव करते हैं। डांडिया केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारे सामूहिक उत्साह का उत्सव है। विद्यालय छात्राओं के रंग-बिरंगी वेशभूषा, मधुर संगीत और तालबद्ध कदम हमारे विचारों और मन को मंत्रमुग्ध कर देता है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता उपाध्याय ने कहा कि डांडिया नृत्य में प्रयुक्त दो डांडियां देवी दुर्गा की दो शक्तियों का प्रतीक मानी जाती हैं, जिनसे उन्होंने महिषासुर का वध किया। दो डांडियों से नृत्य करने पर ताल और लय का सुंदर समन्वय बनता है। इससे सामूहिकता और एकता का अनुभव होता है क्योंकि हर व्यक्ति अपने साथी और पूरे समूह के साथ तालमेल बैठाकर नृत्य करता है। यह जीवन में सहयोग, अनुशासन और सामंजस्य का संदेश देता है। इसलिए डांडिया की दो डांडियां केवल नृत्य की छड़ी नहीं, बल्कि शक्ति, संतुलन और सामूहिक एकता की प्रतीक है। प्रतियोगिता में डांडिया क्वीन दीपक जीना और लताशा जोशी रहे। डांडिया किंग में खिलेश पाठक, बेस्ट कोरियोग्राफर मुबारक, स्कूल प्रिंसिपल अंकित सांगुड़ी निर्णायक रहे। उत्कृष्ट ग्रुप डांस फ्यूजन ग्रुप जवाहर नगर रहा। कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन पाठक द्वारा किया गया।इस दौरान ग्राम प्रधान जवाहर नगर तारा पाण्डे, शान्तिपुरी नं०1 दीपा कांडपाल, नरेन्द्र पाठक सहित सैंकड़ों लोग आदि उपस्थित थे।




# फ्रांस के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने पंतनगर विवि का किया दौरा

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय में फ्रांस से आए छात्र का प्रतिनिधिमंडल डेफिया-2025 पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल पेरिस से रवाना होकर शैक्षणिक और शोध सहयोग के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान, उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। छात्र चार सप्ताह तक 'हरित क्रांति की जननी' के तहत इंटर्नशिप करेंगे। यह इंटर्नशिप दो विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य



शैक्षणिक और शोध क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाना है। इस समझौते के तहत संयुक्त शोध परियोजनाएं, छात्र एवं संकाय का आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण पहल और ज्ञान साझा करने के प्रयास शामिल हैं। इससे फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के निर्देशन में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच. जे. शिव प्रसाद एवं विश्वविद्यालय के समस्त सदस्य फ्रांस टीम का हार्दिक स्वागत करते हैं। यह पहल पंतनगर विष्वविद्यालय की वैष्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने और विष्वसनीय षैक्षणिक साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# रुद्रपुर में कार्तिक महात्म महोत्सव 7 अक्टूबर से

रुद्रपुर। श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर की ओर से कार्तिक महात्म का पावन पर्व इस वर्ष 7 अक्टूबर (मंगलवार) से 5 नवंबर तक बड़े श्रद्धा और उत्साह के



साथ मनाया जाएगा। यह भक्ति पर्व श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर ने बताया कि पर्व का शुभारंभ 7 अक्टूबर की प्रात: 4:45 बजे श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा के नेतृत्व में गणेश वंदना के साथ किया जाएगा। इसके बाद प्रभु नाम संकीर्तन के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो नगर की परिक्रमा कर पुन: श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में प्रात: 6:00 बजे पूजनीय पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा कार्तिक महात्म कथा का आरंभ किया जाएगा, जो 7:00 बजे तक चलेगी। कथा प्रतिदिन इसी समय पर आयोजित की जाएगी। श्री सनातन धर्म सभा की ओर से नगर के समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रभात फेरी और कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# वैष्णो दरबार यात्रा की सफलता पर लोगों को बांटा खीर का प्रसाद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा आयोजित 34वीं माँ वैष्णो दरबार यात्रा के सफल समापन पर रविवार को सवा कुन्तल पंचमेवा युक्त खीर का भव्य प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि-विधान के साथ हुई, जहां पंडित नवीन शास्त्री और महंत राजीव ठक्कर द्वारा माँ दुर्गा सहित सभी देवी-देवताओं को खीर का भोग अर्पित किया गया। भोग के पश्चात



श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे श्रद्धा और आस्था के साथ लोगों ने ग्रहण किया। माँ वैष्णो दरबार यात्रा के 34 वर्षों की सफलता का यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अनुपम उदाहरण बना।इस अवसर पर आयोजन के संयोजक वेद ठुकराल, प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली, दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्ष रेणु अरोरा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, हरीश ठुकराल, राजू अरोरा, एडवोकेट दीपक अरोरा, देवेंद्र कुकरेती, विक्की कक्कड़, अंशु कक्कड़, कुकू धीर और मुदित गाबा सहित अनेक सेवाभावी सदस्य उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में छात्रों व नागरिकों ने रखे सुझाव

हल्द्वानी/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सर्किट हाउस, काठगोदाम में एकल सदस्यीय जांच आयोग के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जनसुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, नागरिकों, परीक्षा केंद्र प्रभारियों व कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आयोग के समक्ष अपने विचार, अनुभव और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं ने आयोग से मांग की कि परीक्षाओं की जांच निष्पक्ष एवं शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि आगामी परीक्षाएं सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच कराई जाएं और पारदर्शी प्रणाली को लागू किया जाए। सदस्य उपस्थित रहे। **रूद्रपुर**- माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री यू.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग द्वारा शनिवार को एपीजे जिला सभागार में लोक सुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग के अध्यक्ष श्री ध्यानी ने कहा कि स्नातक स्तरीय परीक्षा पटवारी,लेखपाल व अन्य पद परीक्षा समक्ष अपने विचार तथा सुझाव रखे। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मांग की कि परीक्षाओं की जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए तथा इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परीक्षा दुबारा कराने के साथ ही यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में होने वाली परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निष्पक्षता व पारदर्शिता से कराई जाएं।



सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी ने कहा कि आयोग का कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का दौरा कर जनता की बात सीधे सुनकर अंतिम रिपोर्ट को अधिक संतुलित और वस्तुनिष्ठ बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। जनसुनवाई के दौरान परीक्षा केंद्रों से जुड़े प्रभारियों एवं व्यवस्थापकों ने भी आयोग को परीक्षा आयोजन के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया और बेहतर समाधान हेतु सुझाव प्रस्तुत किए। इस जनसंवाद कार्यक्रम में सचिव विक्रम सिंह राणा, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं अन्य संगठनों के जांच कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर अभ्यर्थियों, जनता की समस्याओं और सुझावों को सुन रहा है ताकि अंतिम रिपोर्ट निष्पक्ष एवं संतुलित रूप से तैयार की जा सके। जनसुनवाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, नागरिकों, परीक्षा से जुड़े कोचिंग सेंटर प्रबंधकों ने आयोग के आयोग के सचिव विक्रम सिंह राणा ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त साक्ष्यों,शिकायतों और सुझावों का संज्ञान लेकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा ,उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, छात्र छात्रा, कोचिंग सेंटर के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारी को चेक बाउंस के दो मुकदमों में सजा का आदेश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। व्यापारी को चेक बाउंस के दो अलग-अलग मुकदमों में रुद्रपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट शंभू नाथ सिंह सेठवाल की अदालत ने जेल और जुर्माने की सजा से दंडित करने का आदेश पारित किया है। रुद्रपुर स्थित कोरस मोटर्स के स्वामी कपिल अरोरा द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा रुद्रपुर गल्ला मंडी व्यापारी और मैसर्स बी. डी. ट्रेडर्स के प्रोपराइटर गौरव अग्रवाल से उधार की रकम लेनी थी जिसे बार बार मांगने पर भी वह टाल मटोल कर रहा था। उक्त रकम के भुगतान के लिए गौरव द्वारा 10 लाख और 12 लाख 50 हजार के दो चेक जारी कर दिए गए थे जिसको भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत करने पर बैंक खाते में प्राप्त धनराशि न होने से दोनों चेक बाउंस हो गए इसके उपरांत उनके द्वारा अपने अधिवक्ता गुरबाज सिंह एडवोकेट एवं सुरेंद्र नरूला एडवोकेट के माध्यम से जिला न्यायालय में मुकदमा दायर कर कार्यवाही प्रारंभ की गई। कपिल अरोरा की ओर से दायर मुकदमों में उनके अधिवक्ता गुरबाज सिंह एडवोकेट द्वारा बताया गया कि चेक के दोनों मुकदमों में का विचारण प्रथम अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शम्भू नाथ सिंह सेठवाल के न्यायालय में हुआ है जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा चेक बाउंस के आरोपी को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत जेल और जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। गुरबाज सिंह एडवोकेट ने बताया कि न्यायालय द्वारा 10 लाख रूपये के चेक में 10 माह की जेल की सजा और 12 लाख 30 हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित करने का आदेश पारित किया गया है। अर्थ दंड की धनराशि में से 10 हजार रूपये राज्य सरकार के खाते में जमा होंगे और शेष 12 लाख 20 हजार रूपये परिवादी कपिल अरोरा को दिए जाने का आदेश दिया गया है। अर्थ दंड की धनराशि अदा न करने की स्थिति में 02 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश दिया गया है। इसी प्रकार 12 लाख 50 हजार रूपये के जारी चेक के मामले में 01 वर्ष की जेल और 15 लाख 40 हजार रूपये के जुर्माने से दंडित करने का आदेश पारित किया गया है। इस धनराशि में से 10 हजार रूपये राज्य सरकार के खाते में जमा करने और शेष 15 लाख 30 हजार रूपये परिवादी कपिल अरोरा को दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। अर्थ दंड की धनराशि अदा न करने की स्थिति में 2 महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश पारित किया गया है।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेंट की 51313 रुपए की धनराशि

गदरपुर । पंजाब के सीमावर्ती जिलों में आई भयानक बाढ़ एवं सैलाब के पीड़ितों की सहायतार्थ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केला खेड़ा की संगत द्वारा एकत्र किए गए 51313 रुपए की धनराशि गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर पहुंचकर अर्पित की गई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी किला खेड़ा के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने बताया कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए केलाखेड़ा की स्थानीय एवं ग्रामीण संगत द्वारा 51 हजार 313 रुपए की धनराशि एकत्र की गई है जो कि पंजाब



के बाढ़ पीड़ितों के सहायता भेजी जानी प्रस्तावित है उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा गदरपुर द्वारा किसानों के विभिन्न संगठनों के सहयोग से धनराशि एवं अनाज, खाद तथा दवाइयां एकत्र करके पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी जा रहा है जिसके लिए उनकी संगत द्वारा भी तन मन धन से सहयोग करके उक्त सेवा पुण्य कमाया गया है । इस मौके पर धर्म प्रचार कमेटी के उत्तराखंड काशीपुर प्रचारक हरजिंदर सिंह ,बलवीर सिंह, नरेश सिंह, मुकेश सिंह के अलावा सिंह सभा गदरपुर के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ग्रोवर,दर्शन सिंह,ज्ञान सिंह, अवतार सिंह, सुखदीप सिंह ,भाई राजेंद्र सिंह, देवेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे ।

# श्रीमद् भागवत सुनने से होता है कष्टों का हरण : पंडित ब्रज गोपाल

गदरपुर। आवास विकास स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मथुरा से कथा वाचक पंडित बृज गोपाल महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत सुनने से जीवन में आने वाले कष्टों से मुक्ति मिलती है और



जीवन संवर जाता है । पहले दिन के मुख्य यजमान पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर और उनकी पत्नी रिया गुंबर थी । आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर शिव पार्वती मंदिर कमेटी अध्यक्ष राकेश भुड्डी, सचिव रमन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संत लाल हुड़िया, अंजू भुड्डी, संध्या गोयल सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# 33 हजार केवी की हाई वोल्टेज लाइन टूटकर गिरी, टला हादसा

किच्छा(उद संवाददाता)। शनिवार की शाम को नगर के अति व्यस्त आदित्य चौक के पास से गुजर कर जाने वाली 33000 के वी की विद्युत लाइन अचानक टूट कर गिर गई जिस वजह से कई क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई पर असर पड़ा विद्युत लाइन के टूटकर गिरने के साथ-साथ थी लाइन ने भी ट्रिप कर लिया जिस वजह से किसी भी प्रकार के जान माल की हानि नहीं हुई सूचना मिलते ही विद्युत वितरण खंड किच्छा के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए तथा स्थिति का जायजा लेते हुए सभी फीडर को शट डाउन कर दिया तथा लाइन की मरम्मत प्रारंभ कर दी इस दौरान कुछ क्षणों के लिए यातायात पर विराम लग गया। विद्युत वितरण उपखंड के अधिकारी डीसी गुरु रानी एवं अवर अभियंता ओमवीर ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त 33 हजार के वी की विद्युत लाइन अचानक क्षतिग्रस्त होकर गिर गई जिसकी सूचना मिलते ही सभी विभाग द्वारा मौके पर पहुंच कर किसी भी अपनी घटना को रोकने के लिए तत्परता दिखाते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि लाइन क्षतिग्रस्त होने के कर्म का पता नहीं चल पाया है जिसका पता लगाया जा रहा है कि किन कारणों से लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि सभी विद्युत लाइनों की मॉनिटरिंग लगातार की जाती रही है किंतु कभी-कभी तकनीकी कमियों की वजह से ऐसी घटनाएं घट जाती हैं। उन्होंने समस्त कर्मचारियों की भी सराहना व्यक्त करते हुए कहां की विभाग के समस्त कर्मचारी विद्युत सप्लाई दुरुस्त करने के लिए दिन-रात तैयार रहते हैं जिस वजह से आम उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत सप्लाई दी जा रही है उन्होंने यह भी कहा कि क्षतिग्रस्त लाइन की तुरंत मरम्मत कर विद्युत सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

# डा. शिव कुमार को संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेयरी एवं कुक्कुट फार्म का अतिरिक्त प्रभार

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय कार्य की हितार्थ कुलपति द्वारा डा. शिव कुमार, प्रोफेसर, पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय को उनके वर्तमान कार्यों के संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेयरी एवं कुक्कुट फार्म का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। यह दायित्व उन्हें डा. एस.के. सिंह, प्रोफेसर, पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग के स्थान पर प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार डा. शिव कुमार को इस अतिरिक्त दायित्व के लिए प्रबंध परिषद द्वारा अनुमोदित सभी सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा उनके सेवा संबंधी अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।




# उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

**विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148**

ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

## विद्युत बाधित सूचना

समस्त सम्मानित उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण उपखण्ड, किच्छा के क्षेत्रान्तर्गत उपकेन्द्रो से पोषित समस्त उपभोक्ताओं को दीपावली पर्व में निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु उपकेन्द्रों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस कार्य हेतु निम्न सारणी अनुसार विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

अत: सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा | 33के०वी० पोषक | एस०आर०होण्डा, बी०बी०आई० पोषक, सिद्धार्थ अलॉय, जी०आई०एस० किच्छा, पुलभट्टा। | सम्बन्धित पोषको के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | 06.10.2025 | प्रात: 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| | | 11 के०वी० पोषक | बहेड़ी फीडर, एस०ई०आर०एल०. सिरौली फीडर, समस्त टाउन पोषक (टाउन-I, टाउन-II एवं टाउन-III), शुगर फैक्ट्री। | | | |
| 2 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | 33 के०वी० पोषक | लालपुर-I, लालपुर-II- के०एम०पेपर मिल, शीलचन्द एवं कुरैया। | | | |
| | | 11 के०वी० पोषक | लालपुर-I, II एवं III लालपुर इण्डस्ट्रीज, झगओर, कुरैया एवं दरऊ। | | | |
| 3 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, पन्तनगर | 33 के०वी० पोषक | यूनीवर्सटी-प्रथम एवं द्वितीय, एरोड्रम पोषक, इण्डस्ट्रीयल पोषक, आनन्दपुर पोषक, शान्तीपुरी पोषक एवं लालकुआं पोषक। | | | |
| | | 11 के०वी० पोषक | समस्त 11 के ०वी० पोषक प्रभावित। | | | |

Customer Care Toll Free No- 1912
"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
**राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

पत्रांक: 4303 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 04.10.2025

**अधिशासी अभियन्ता**

# सीएम के निर्देश पर प्रतिबंधित कफ सिरप पर सख्त कार्रवाई

## प्रदेशभर में मेडिकल स्टोर्स पर एफ.डी.ए. की छापेमारी,केंद्र की एडवाइजरी लागू

देहरादून (उद संवाददाता)।बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्तराखंड सरकार ने प्रदेशभर में प्रतिबंधित कफ सिरप और औषधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफ.डी.ए.) की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। यह अभियान हाल ही में राजस्थान और मध्य प्रदेश में खांसी की दवा (कफ सिरप) के सेवन से बच्चों की मौत की घटनाओं के बाद शुरू किया गया है। उत्तराखंड सरकार ने इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए तत्परता से कार्रवाई प्रारंभ की है। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफ.डी.ए.) डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए कहा कि भारत सरकार की एडवाइजरी को प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य से बड़ा कोई विषय नहीं हो सकता। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि औषधि निरीक्षक चरणबद्ध तरीके से कफ सिरपों के नमूने एकत्र करें और उनकी गुणवत्ता की प्रयोगशाला जांच कराएं, ताकि किसी भी दोषपूर्ण या हानिकारक दवा को बाजार से तत्काल हटाया जा सके। डॉ. आर. राजेश कुमार ने प्रदेश के सभी चिकित्सकों से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार की एडवाइजरी का संज्ञान लेते हुए वे बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप न लिखें। डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा यदि चिकित्सक इन सिरपों को लिखेंगे तो मेडिकल स्टोर भी उन्हें बेचेंगे। इसलिए जरूरी है कि डॉक्टर स्वयं भी जिम्मेदारी दिखाएं और प्रतिबंधित दवाओं से परहेज करें। भारत सरकार की एडवाइजरी के अनुसार दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी प्रकार की खांसी या जुकाम की दवा नहीं दी जानी चाहिए। पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में इन दवाओं का सामान्य उपयोग अनुशंसित नहीं है। केवल विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह, सही खुराक और न्यूनतम अवधि के लिए ही इनका उपयोग किया जा सकता है। सरकार ने विशेष रूप से Dextromethorphan युक्त सिरप और Chlorpheniramine Maleate + Phenylephrine Hydrochloride संयोजन वाली दवाओं को चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंधित किया है। प्रदेश में इस आदेश के बाद अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी के नेतृत्व में राज्यभर में युद्धस्तर पर छापेमारी की जा रही है। स्वयं अपर आयुक्त ने देहरादून के जोगीवाला, मोहकमपुर समेत कई क्षेत्रों में औषधि दुकानों का निरीक्षण किया। सभी जिलों में औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस माह के भीतर सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और खुदरा दुकानों से सिरपों के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण करवाएँ। ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि एफ.डी.ए. की टीमें प्रदेशभर में सक्रिय हैं। यदि किसी भी स्तर पर दोष पाया गया तो संबंधित कंपनी या विक्रेता के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और जनता के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रदेश में बिकने वाली हर दवा सुरक्षित और मानक गुणवत्ता वाली हो। जनस्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और बच्चों की सुरक्षा पर किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार प्रदेश में औषधि गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में भी काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा राज्य सरकार केंद्र की एडवाइजरी का पूरी गंभीरता से पालन कर रही है। बच्चों की दवाओं से जुड़ी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी चिकित्सकों और औषधि विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिबंधित सिरप को न लिखें और न बेचें। यह कदम बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। एफ.डी.ए. ने राज्यभर में कफ सिरप की सैंपलिंग शुरू कर दी है। अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने जनता से अपील की है कि वे बच्चों को कोई भी दवा देने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। यदि किसी दवा के सेवन से कोई प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल से संपर्क करें।



# मवेशियों के टीकाकरण के लिए प्रचार वाहनों को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक छह माह के अन्तराल पर मवेशियों (गाय/भैस/भेड़/बकरियों) में खुरपका, मुहपका रोग टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इन वर्षों में अब तक कुल छह चक्रों में बृहद स्तर पर टीकाकरण किये जाने के कारण, मवेशियों में अब इस रोग के प्रकरण लगभग समाप्तप्राय: हो चुके है। टीकाकरण अभियान के कारण मवेशियों के मुख एवं खुरों में छाले पड़ने, तीव्र ज्वर ,गर्भपात, दुग्ध उत्पादन में अत्यधिक कमि तथा कुछ प्रकरणों में मवेशियों की मृत्यु के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमि आयी है। प्रदेश एवं देश के सभी क्षेत्रों को Oie द्वारा FMD Free Zone घोषित कर दिये जाने तक हर 06 माह बाद, बारम्बार इस रोग के विरुद्ध बारम्बार टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। इसी क्रम में जनपदस्तर पर जिला अधिकारी श्री भदौरिया ने पशु उपचार/टीकाकरण प्रचार-प्रसार वाहनों को झण्डी दिखाकर पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश भर में संचालित खुरपका मुंहपका रोग के नियंत्रण हेतु 45 दिवसीय अभियान का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में कुल 2,20,000 मवेशियों का टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य है। टीकाकरण अभियान हेतु जनपद अन्तर्गत चिन्हांकित राजकीय पशुचिकित्सालयों के चिन्हांकित ग्रामों में यथा निर्धारित अनुपात में पशुओं के टीकाकरण से पहले तथा टीकाकरण के 28-30 दिन बाद पशुरोग अनुसंधान प्रयोगशाला के माध्यम से रक्त के नमूनों का परीक्षण किया जाना है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, संयुक्त निदेशक, प्रयोगशाला डॉ० सपना शुक्ला, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० ए. जोशी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० हरजीत सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (द्वितीय) डॉ० संजीव, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ० पंकज कुमार पाठक, डॉ० हिमांशु पाठक, जिला सूचना अधिकारी गोविन्द सिंह बिष्ट, तथा पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।








# पशुओं को खुरपका मुंहपका रोग के नियंत्रण हेतु टीकाकरण अभियान शुरू

गदरपुर। पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए वृहद स्तर पर टीकाकरण अभियान के सातवें चरण की शुरुआत आज 04 अक्टूबर से कर दी गई है। यह विशेष टीकाकरण अभियान आगामी 45 दिनों तक लगातार संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र



के सभी गोवंशीय, महिषवंशीय पशुओं के साथ-साथ भेड़ एवं बकरियों को भी खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे। विभाग की टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर एवं डेयरी फार्मों पर पहुंचकर पशुपालकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक कर रही हैं। पशुपालन विभाग के डॉ रवि झा ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को समय पर टीका लगवाएं, जिससे इस संक्रामक बीमारी पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाया जा सके। विभाग का लक्ष्य है कि इस चरण में क्षेत्र के प्रत्येक पात्र पशु को टीकाकरण से आच्छादित किया जाए।

# रोटरी क्लब ने निर्धन छात्र-छात्राओं को बांटी नोटबुक



रुद्रपुर। शिक्षा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी क्लब रुद्रपुर द्वारा सनातन धर्म कन्या इंटर विद्यालय, रुद्रपुर में कक्षा 9 व 10 के निर्धन छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री के रूप में लगभग 1250 नोटबुक व रजिस्टर वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की पढ़ाई में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर कर उन्हें निर्बाध शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम के संयोजक एवं क्लब के चार्टर सदस्य रो. ओ. पी. सिंघल ने बताया कि इस विद्यालय से उनका विशेष जुड़ाव रहा है और वे यहां पहले भी कई सामाजिक व शैक्षिक कार्यों में सहभागी रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने जानकारी दी कि इससे पूर्व भी रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय में स्मार्ट क्लासेज और स्कूल बैग्स वितरित किए जा चुके हैं, जिनका छात्र-छात्राएं लाभ उठा रहे हैं। नोटबुक वितरण के बाद बच्चों के चेहरे पर दिखाई दी प्रसन्नता ने उपस्थित रोटेरियंस को अत्यंत आह्लादित किया। बच्चों की मुस्कान और उत्साह इस सेवा कार्य की सार्थकता को दर्शा रहे थे। इस अवसर पर क्लब के अन्य सदस्य रो. रमन सिब्बल, रो. मनोज अग्निहोत्री, रो. अमित सिंगला, रो. विकास शर्मा, विद्यालय प्रबंधक समिति से श्री जुगल किशोर बांब, विजय मिढ्ढा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने सुनी जनसमस्याएँ, कई मामलों का मौके पर निस्तारण

हल्द्वानी(उद संवाददाता) आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत, ने शनिवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएँ सुनीं। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर किया गया, जबकि शेष मामलों पर विभागीय स्तर पर त्वरित और पारदर्शी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनता मिलन में हल्द्वानी की एक फैक्ट्री में महिला श्रमिक के हाथ की अंगुलियाँ कटने के गंभीर हादसे का मामला सामने आया। शिकायत में कहा गया कि फैक्ट्री में बिना प्रशिक्षण खतरनाक मशीनें चलायी जा रही थीं, कर्मचारियों को ईएसआई का लाभ नहीं दिया गया और वेतन अधिनियम का पालन नहीं हो रहा था। आयुक्त ने श्रम विभाग को निर्देश दिए कि पीड़िता को कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मुआवजा दिलाया जाए और फैक्ट्री प्रबंधन के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। हल्द्वानी तहसील से जुड़े एक प्रकरण में शिकायतकर्ता ने अमीन (जो 2015 तक अनुबंध पर कार्यरत थे) पर अनियमितता का आरोप





लगाते हुए आरटीआई दाखिल की थी। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता स्वयं पटवारी पर दबाव डाल रहा था और रात में फोन कर आत्महत्या की धमकी भी दी। आयुक्त ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को धमकियाँ मिलना गंभीर विषय है और इनकी रिपोर्ट दर्ज कराना आवश्यक है। जनता से भी अपील की कि समस्याएँ शांतिपूर्ण एवं विधिक तरीके से प्रस्तुत करें। इसी दौरान एक पत्रकार पर पास्को एक्ट से जुड़े मामले में मध्यस्थता और धन की मांग करने का आरोप भी सामने आया। आयुक्त ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर 20 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि च्व्ब्ै० जैसे संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता या हस्तक्षेप अस्वीकार्य है और दोषी की मदद करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों को केवल निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रिया के तहत निपटाया जाए। उधम सिंह नगर के दिनेशपुर क्षेत्र में भूमि घोटाले और अवैध प्लॉटिंग से संबंधित शिकायत पर आयुक्त ने एसडीएम को मौके पर जाकर जांच और दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्थानीय मुद्दों में पार्षद धरमवीर शासक ने वार्ड-14 में बच्चों और बुजुर्गों के लिए पार्क निर्माण और ई-टॉयलेट की मांग रखी, जिस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। पालतू पशुओं की समस्या पर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि अपने पशुओं को आवारा न छोड़ें और गौशालाओं में रखें; सड़कों पर पशु छोड़ने वालों के विरुद्ध चालानी और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।साथ ही अखिल भारतीय किसान महासभा, बागजाला के प्रतिनिधियों ने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। आयुक्त ने कहा कि सभी बिंदुओं का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि जनता मिलन का उद्देश्य यही है कि लोग अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकें और उनका समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों की नियमित समीक्षा हो और लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चितकिया जाए, ताकि जनता को भरोसेमंद और त्वरित सेवा मिल सके।

# महिला उद्यमिता के अंतर्गत 32 प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार की महिला उद्यमिता परिषद की अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) रेनू अधिकारी के तत्वावधान में जिला उद्योग केन्द्र, ऊधमसिंह नगर के सभागार में उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निदेशालय देहरादून से नामित संयुक्त निदेशक, श्री दीपक मुरारी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री विपिन कुमार ने अध्यक्ष महोदया का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बैठक के दौरान उद्यमिता विकास के अंतर्गत तीन साप्ताहिक प्रशिक्षण प्राप्त 32 महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। महाप्रबंधक विपिन कुमार ने विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि जिले में



स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत बीते वर्षों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को लाभ मिला है। बैठक को संबोधित करते हुए रेनू अधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय आरंभ करें। इस अवसर पर दीपक मुरारी ने सुझाव दिया कि काशीपुर डिजाइन सेंटर की तर्ज पर रुद्रपुर में भी स्थानीय उत्पादों के लिए एक आउटलेट विकसित किया जा सकता है। इस दिशा में अध्यक्ष महोदया ने नगर निगम रुद्रपुर से चर्चा करने और महापौर से संवाद स्थापित करने का आश्वासन दिया। साथ ही, महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि महिलाओं के लिए पैकेजिंग वर्कशॉप आयोजित की जाए, जिससे वे उत्पादों की पैकेजिंग तकनीक सीखकर अपने रोजगार के अवसर बढ़ा सकें। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक विपिन कुमार ने अध्यक्ष महोदया, श्री दीपक मुरारी तथा सभी प्रतिभागियों ख्र लगभग 80 से अधिक उद्यमियों व हस्तशिल्पियों ख्र का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।

# घंटों विद्युत कटौती से भड़के बनभूलपुरा वासियों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी। बनभूलपुरा के कई क्षेत्रों में बारह घंटे से भी अधिक समय तक बिजली गुल होने से परेशान लोगों ने यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज मलिक के नेतृत्व में बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान जहां क्षेत्र के लोगो में आक्रोश देखने को मिला, वहीं लोगों का कहना था की स्थानीय जेई



क्षेत्र को अनदेखा करने का काम करते हैं। जिसके चलते घरों के इनवर्टर तक डाउन हो जाते है और लोग अपने घरों से बाहर निकाल कर बैठ बिजली आने का इंतजार करते रहते है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से इकराम मिकरानी, महबूब, रहीस, तस्लीम, शानू, जैनुल, शेरा रहीस, तस्लीम सैफी, मोहम्मद अयान, राहिल आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की ग्राम अमरपुर में धान की क्रॉप कटिंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।तहसील रुद्रपुर के ग्राम अमरपुर में शनिवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा खरीफ फसल धान की क्रॉप कटिंग की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषक जितेन्द्र कुमार के खेत का निरीक्षण करते हुए फसल की गुणवत्ता, पैदावार और खेती के आधुनिक तरीकों का जायजा लिया। कृषक जितेन्द्र कुमार के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के क्षेत्र में धान की क्रॉप कटिंग कराने पर 30.20 किलो धान का उत्पादन हुआ। संपूर्ण प्रक्रिया को भारत सरकार के कृषि उत्पादन ऐप GCES एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के ऐप ब्ब्म् ।ळत्प् के माध्यम से भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस प्रक्रिया के जरिए फसलों की औसत उपज, उत्पादन क्षमता और कृषि नीति निर्माण के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध



होते हैं। जिलाधिकारी भदौरिया ने कृषक से बीज, उर्वरक, कीटनाशक और खेती की विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को कृषि में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के प्रयोग की सलाह देते हुए कहा कि इससे फसल की पैदावार बढ़ाने और गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलती है।इस अवसर पर तहसीलदार दिनेश कुटौला, अपर सांख्यिकी अधिकारी मदन सिंह बिष्ट, कानूनगो राधे राणा, विभागीय कर्मचारी गण व स्थानीय किसानगण उपस्थित रहे।

# रेखा आर्या ने किया निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण

रूद्रपुर। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को रूद्रपुर में निर्माणाधीन कामकाजी महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों व इंजीनियरों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। रुद्रपुर में एक साथ दो महिला छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा है, जिनकी कुल परियोजना लागत 12563.50 लाख रुपये है। निरीक्षण के दौरान मंत्री रेखा आर्या ने फुलसुंगी स्थित निर्माण स्थल का जायजा लिया और जमीन में आ रही नमी से बचाव के लिए समुचित उपाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सभी कार्य तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं ताकि जनवरी 2027 तक परियोजना



को पूर्ण किया जा सके। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि महिला कार्यबल हमारे समाज की शक्ति हैं। रूद्रपुर में बन रहे ये छात्रावास कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधायुक्त आवास की सुविधा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके पूर्ण होने के बाद महिलाओं को आवास संबंधी परेशानी से बड़ी राहत मिलेगी और वे निश्चिंत होकर अपने काम व व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, पार्षद पवन राणा, डीओ पीआरडी बी एस रावत, डीएसओ जानकी कार्की, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन सीओ प्रशान्त कुमार व अन्य विभागीय अधिकारी भी थे।

# बेहड़ ने 54 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों के किये लोकार्पण

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने समाज कल्याण निधि तथा विधायक निधि से निर्मित कराये गए लगभग 44 लाख की लाख की लागत से विकास कार्यों का उद्घाटन समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में किये। इनमे वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अनुसूचित जाती उपयोजना के तहत समाज कल्याण निधि से मंडी परिषद् द्वारा निर्मित करायी गयी ग्राम कोटखर्रा में लिंक रोड से शिवकुमार के घर तक सी०सी० सड़क का पुन: निर्माण कार्य लागत 43.98 लाख, तथा विधायक निधि से जीरो बंदा में 10 लाख की लागत से 8 सडको का निर्माण कार्यों का उद्ध्घाटन विधायक बेहड़ द्वारा फीता काटकर व् नारियल फोड़कर किया समस्त ग्रामवासियों द्वारा विधायक बेहड़ का अपने-अपने गाँव पहुंचने पर





फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया व विकास कार्य पूर्ण कराएँ जाने हेतु आभार जताया।इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि डामक्षेत्र जो कि विकास में पीछे रह गया था अब यहाँ तेजी से विकास मेरे द्वारा कराया जा रहा है और विकास की मुख्य धरा से जोड़ा जा रहा है आगे भी और छोटी-बड़ी सड़कें बनार्थी जाएगी। इस दौरान विधायक बेहड़ ने राजकीय प्राथमिक विघ्यालय, धौराडॉम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की शिक्षा की स्थिति, शिक्षकों की समस्याएँ, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, विद्यार्थियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएँ एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का गहन अवलोकन किया।इससे पूर्व विधायक बेहड़ ने शनिवार से अपना ग्रामीण जनसंवाद का प्रारंभनजीमाबाद धौराडाम स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब जीरोबंदा में माथा टेककर क्षेत्रवासियों की मंगलमय की कामना करते हुए किया । जनसंवाद के तहत उन्होंहे आज नजीमाबाद ग्रामसभा के अंतर्गत धौराडाम जीरो बंदा, चोमा लेन, प्रधान लॅन, दीवान झाला, बंगाली कालोनी, कोटखर्रा, अमर लेंन आदि गाँवों में पहुंचकर स्थानीय लोगो से मुलाकात की व जनसमस्याएं सुनी तथा कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष सभी समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया।इस दौरान राजेश प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान राहुल कुमार, भजन सिंह, रक्षपाल सिंह, रघुनाथ सिंह, लखविन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, पप्पू चीमा, किशोर आचार्य, उत्तम आचार्य, बलवंत सिंह, विशन कोरंगा, सुरजीत सिंह, मोहन सिंह, बलवीर सिंह, प्रेम सिंह, रमेश सिंह, सुबेध सिंह, भगवान् सिंह,हरबससिंह,गगनदीपसिंह, गुरदीप सिंह,राजेश, नगीना, राम किशोर, सुखदेव, अजय कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## द्विपक्षीय संबंधों में दृढता

अमेरिका ने जब अपनी शुल्क नीति की घोषणा की, तो उसका मकसद जितना अपने आर्थिक हित सुनिश्चित करना था, उससे ज्यादा इसे प्रभावित होने वाले देशों पर दबाव बनाने के तौर पर देखा गया। सवाल है कि क्या अमेरिका की ओर से पहले पच्चीस और फिर पचास फीसद तक शुल्क लगाने की घोषणा का कारण यह था कि व्यापार वार्ता में भारत को अपनी शर्तों पर सहमत किया जाए? यह बेवजह नहीं है कि भारत ने अमेरिका के इस रवैये के सामने समर्पण करने के बजाय विकल्प की राह तैयार करने की कोशिश शुरू कर दी और अब इसके नतीजे सामने आने लगे हैं। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को अपनी सरकार को निर्देश दिया कि वह कच्चे तेल के भारी आयात की वजह से भारत के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए तत्काल उपाय करे। अमल के स्तर पर यह फैसला भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाओं की खरीद के स्तर पर सामने आ सकता है। इस वर्ष के आखिर में पुतिन की प्रस्तावित भारत यात्रा के मद्देनजर उनके इस निर्देश की अहमियत समझी जा सकती है। दरअसल, अमेरिका ने न केवल शुल्क नीति की घोषणा की, बल्कि भारत पर दबाव बढ़ाने की मंशा से रूस से तेल आयात करने पर जुर्माना लगाने की भी बात कही। इसका आशय साफ था कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे। इसके पीछे उद्देश्य चाहे जो हो, आज बहुध्रुवीय होते विश्व में इस तरह भारत जैसे एक संप्रभु और वैश्विक साख वाले देश को अपनी शर्तों पर संचालित कर पाना संभव नहीं हो सकता। यह विचित्र है कि अमेरिका ने इस मसले पर सहयोग और साझेदारी को केंद्र में रख कर नए विकल्प निकालने, द्विपक्षीय हित और सम्मान आधारित आर्थिक संबंध पर विचार करने का रास्ता अख्तियार न करके, दबाव की रणनीति का सहारा लिया। मगर यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के संदर्भ में अमेरिका और नाटो देशों की ओर से रूस को अलग-थलग करने के लिए जो रणनीति अपनाई जा रही थी, भारत ने प्रकारांतर से उसमें शामिल होने या किसी के सामने झुकने से इनकार कर दिया और रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखा। यों भी, तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अमेरिका के हर फैसले को मानने के बजाय भारत के लिए अपने हित को प्राथमिकता देना ज्यादा जरूरी है। जाहिर है, भारत की यह दृढ़ता रूस की नजर में महत्त्वपूर्ण होगी और इसीलिए उसने व्यापार संतुलन कायम करने की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से आकार देने की ओर कदम बढ़ाया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हर घर जाकर पंच परिवर्तन के संकल्प पर देगा जोर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर आयोजित स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम में अपने संबोधन में आरएसएस के सह सर कार्यवाह आलोक जी ने कहा कि हम परम वैभव की ओर बढ़ रहे है और इसमें समाज के प्रत्येक नागरिक का योगदान है। श्री आलोक ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष बाद हम 101 वर्ष में प्रवेश ले रहे है






और इस वर्ष हमने प्रत्येक घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने इस बात को जोर देकर कहा कि अगले दस पंद्रह वर्षो में हमने देश में पंच परिवर्तन के लिए समाज में काम करना है और इसकी शुरुआत सबसे पहले स्वयं से करनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' पांच प्रमुख सामाजिक और वैचारिक बदलावों का एक कार्यक्रम है जिसे हर घर तक पहुंचना है और जिसका उद्देश्य भारतीय समाज में सकारात्मक और रचनात्मक परिवर्तन लाना है। श्री आलोक ने पंच परिवर्तन के विषय को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि स्व का बोध अपनेपन, आत्मनिर्भरता और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर बल देना है ताकि ये राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से मजबूत बन सके। नागरिक कर्तव्य: उन्होंने कहा कि हर नागरिक का अपने कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाना, कानून का पालन करना और राष्ट्रहित में योगदान देनाआवश्यक है। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि किस तरह छोटे से ब्रिटिश राज्य ने अनुशासन और अपने कानून के दम पर दुनिया भर में राज किया। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि दुनियां भर में जलवायु परिवर्तन का असर दिखाई दे रहा है,आने वाले समय में प्राकृतिक आपदाएं बहुत होंगी ऐसा भविष्य वक्ताओं ने संकेत दिए है धरती पर जितनी आबादी होनी चाहिए उससे अधिक हो गई है प्रकृति अपना संतुलन खुद बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्वपूर्ण जीवनशैली अपनाना और पृथ्वी, जल, वायु जैसे संसाधनों की रक्षा करना, जल, जंगल जमीन को कैसे सम्भल कर रखे ऐसी चर्चा और प्रयास, परिवार में समाज में होने चाहिए। सामाजिक समरसता पर उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो के बीच भेदभाव दूर करना और सौहार्द, भाईचारे को बढ़ावा देना स्वयंसेवक का कार्य है, आज भी छुआछूत मंदिर प्रवेश को लेकर विषय सामने आते है जिन्हें हम सबने मिलकर दूर करना है। कुटुंब प्रबोधन की बात पर जोर देते हुए सर सह कार्यवाह ने कहा कि प्रत्येक परिवार को सामाजिक शिक्षा और संस्कारों की पहली इकाई मानकर परिवार के सदस्यों के बीच संवाद, संस्कार, सहयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है तभी हम दादा दादी ताऊ चाचा बुआ आदि रिश्तों को संजो के रख पाएंगे। उन्होंने कहा कि इन पांच आयामों के जरिए संघ सामाजिक समरसता, पर्यावरण सुरक्षा, देशभक्ति, परिवार और राष्ट्रीय कर्तव्यों को समाज के हर स्तर पर मजबूत करना चाहता है। यही हमारा संघ शताब्दी वर्ष के बाद की योजना है। अपने संबोधन में श्री आलोक ने कुमायूं के दिवंगत स्वयंसेवकों शोबन सिंह जीना, दान सिंह बिष्ट,शिव शंकर अग्रवाल,सूरज प्रकाश अग्रवाल आदि का भी स्मरण किया। संबोधन से पूर्व स्वयंसेवकों द्वारा योग प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंच पर डॉ नीलांबर भट्ट, वेद प्रकाश अग्रवाल, विवेक कश्यप बहादुर सिंह बिष्ट प्रांत संघ चालक, सबसे वरिष्ठ स्वयंसेवक जगन्नाथ पांडेय (93 वर्ष) रहे जबकि व्यवस्थाओं में सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर जी,प्रांत व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय ,सेवा भारती के धनीराम जी , नरेंद्र जी,जितेंद्र जी आदि मौजूद रहे।

# विधायक बेहड़ ने 10 लाख की लागत के 2 विकास कार्यों का किया लोकार्पण

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने समाज कल्याण निधि तथा विधायक निधि से निर्मित कराये गए 10 लाख की लागत से विकास कार्यों का उध्द्घाटन



समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में किये । विधायक निधि से ग्राम नजीमाबाद में देवनाथ के घर से सलषा देवी के घर तक सीसी लागत 5 लाख, भगवान् पुर में गुरुद्वारा हाल का निर्माण कार्य लगत 5 लाख का लोकार्पण विधायक बेहड़ द्वारा फीता काटकर व् नारियल फोड़कर किया। समस्त ग्रामवासियों द्वारा विधायक बेहड़ का अपने-अपने गाँव पहुंचने पर फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया व विकास कार्य पूर्ण कराएँ जाने हेतु आभार जताया। विधायक तिलक राज बेहड़ समय-समय पर पूरी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण जनसंवाद के तहत लोगों से उनके गाँव-गाँव जाकर मिलते है व उनसे भेंट करते है तथा उनकी समस्यों को सुनते है व निराकरण हेतु आवशयक कार्यवाही करते है तथा साथ ही ग्रामीणों से उनके गाँव समबन्धित विकास कार्यों के सुझाव मांगते है तथा उन पर कार्यवाही करते है। इसी क्रम को जारी रखते हुये आज ग्रामीण जनसंवाद के दूसरे दिन उन्होंहे नाजीमाबाद, पहाड़ी कालोनी, मत्स्य कालोनी, कलकत्ता फार्म, माता फार्म, रुद्रपुर सानी, व भगवानपुर में जनसंवाद किया व लोगों की समयायें सुनी। इस दौरान राजेश प्रताप सिंह,गुलशन सिंधी, बलवंत सिंह, बलदेव सिंह,सुन्दर सिंह,जमालुद्दीन, सोनी सिंह, अनिल यादव, विक्रम कोरंगा , देवचंद, राजेश कश्यप, ललित, पानसिंह, लेखराज, मुन्ना लाल, जहीर, अनवर सिंह, मुन्नी,मनोज, गुड्डू चौहान, बबलू, एजाज अहमद, अमरजीत, जोरा, हनीफ, गंगा सिंह, जसबीर, शराफत, जोगिन्दर, समेत सैंकड़ो की तादात में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# सामिया लेक सिटी में श्री श्याम संकीर्तन की धूम

रुद्रपुर। सामिया लेक सिटी परिसर में श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में शनिवार रात्रि को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात तक चले इस संकीर्तन में श्याम बाबा की महिमा का ऐसा भावपूर्ण गुणगान हुआ कि श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमने को मजबूर हो गए। कीर्तन में लोकप्रिय भजन गायक आलोक श्रीवास्तव, मास्टर बॉबी और निशा अरोरा ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर समूचे वातावरण को श्याम मय कर दिया। खाटू वाला आया रे बुलावा तेरा आया रे, श्याम बाबा की जय जैसे भजनों पर श्रद्धालु घंटों तक झूमते रहे। संकीर्तन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाया और नगरवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर मंच पर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा श्याम बाबा की भक्ति हमें मानवता, सेवा और त्याग का संदेश देती है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा किया गया यह आयोजन सराहनीय है, जो लोगों को भक्ति से जोड़ने और आध्यात्मिक दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूती मिलती है, और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने में ऐसे संकीर्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संकीर्तन में समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, आनंद शर्मा,श्याम मित्र मंडल से अमर कोली, विनाश शर्मा,



राहुल कोली, विक्रम, राजेन्द्र, मनदीप वर्मा, हरमन सिंह, टोनी शेरगिल, अशोक शर्मा, सोबन नाथ, यश, राकेश तिवारी, अवनीश सक्सेना, अजीत शर्मा, पंकज कुमार, राजेन्द्र सिंह, अंकुर कुमार, सुमित, पारस, अजय बहादुर, अजय गुप्ता, रूद्रा समेत अनेक श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सितारगंज ब्लॉक व रुद्रपुर के खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन

शक्तिफार्म। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर, शक्तिफार्म में शनिवार को जिला स्तरीय खेल (क्रीड़ा) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन उप शिक्षा अधिकारी सितारगंज भानु प्रताप कुशवाहा ने किया, जबकि सह-संयोजक अशोक कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज रुद्रपुर रहे। प्रतियोगिता का संचालन मुख्य शिक्षा अधिकारी एस. रावत एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा. शि.) हरेंद्र कुमार मिश्र के दिशा-निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 सब-जूनियर बालक व बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताएँ – जैसे 600 मीटर दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, 4ग्100 मीटर रिले रेस, खो-खो, क्रिकेट, गोला फेंक, चक्का फेंक, वॉलीबॉल, कुश्ती, हॉकी, बॉक्सिंग और कबड्डी आदि – आयोजित की गईं। जिले के सातों ब्लॉकों से चयनित खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 600 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में मिराज अंसारी (रुद्रपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गौरव मेवाड़ी (सितारगंज) द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आकांक्षा (सितारगंज) ने बाजी मारी, और पलक (खटीमा) द्वितीय रहीं। वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में सितारगंज ब्लॉक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खटीमा ब्लॉक दूसरे और काशीपुर ब्लॉक तीसरे



स्थान पर रहे। वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) में भी सितारगंज ब्लॉक ने अपनी श्रेष्ठता कायम रखी, जबकि काशीपुर ब्लॉक द्वितीय स्थान पर रहा। चक्का फेंक (बालिका वर्ग) में कोमल कौर (सितारगंज) ने स्वर्ण पदक जीता, निशा (खटीमा) ने रजत और इशिका यादव (सितारगंज) ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं चक्का फेंक (बालक वर्ग) में दीपांशु (काशीपुर) प्रथम, अंकित (खटीमा) द्वितीय, और गौरव मेवाड़ी (सितारगंज) तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन हरीश दवाई, के. एन. अटवाल, संजीव बुधौरी, पंकज राय और जयंत मंडल ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मंडल में सुरेश उप्रेती, वीरेंद्र तोमर, दिनेश चौहान, करुणेश जोशी, राजेंद्र भाकुनी, अजय क्विरा, अनुकूल मंडल, निर्मल सरकार, हृदेश चौहान, रामजन्म चौहान, अनिल श्रेष्ठ, अवधेश कुमार, संजीव दास, पवन कुमार, मोबिना, शुभ मंगल मंडल, विनोद बिष्ट, जसौद मेहता, नीरज सक्सेना, आदित्य रघुवंशी, बलवीर सिंह, कमलापति परगाई आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# सिक्स सिग्मा के छात्रों ने किया ग्रीन पैनल का औद्योगिक भ्रमण

रुद्रपुर। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं एग्रीकल्चर विभाग के छात्रों ने ग्रीन पैनल, रुद्रपुर का औद्योगिक भ्रमण किया। इस विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था। भ्रमण का आयोजन संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा किया गया। इस औद्योगिक दौरे के दौरान ग्रीन पैनल के एसोसिएट



जनरल मैनेजर मनोज कुमार खंतवाल ने कंपनी की स्थापना, कार्य संस्कृति और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं एसोसिएट मैनेजर बलवंत राव ने उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं और प्रबंधन प्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाया। साथ ही सेफ्टी ऑफिसर मंविंदर कुमार उपाध्याय ने औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। छात्रों ने आधुनिक तकनीकों, मशीनों और उत्पादन प्रबंधन को नजदीक से देखने-समझने का अवसर प्राप्त किया। इस शैक्षिक यात्रा का संचालन सहायक प्राध्यापक सोमेन्द्र सिंह, इंजीनियरिंग प्रवक्ता शिल्पा विश्वकर्मा और कृषि प्रवक्ता मनीष यादव के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# 'सक्रिय अधिगम' पर क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, भुररानी में सक्रिय अधिगम विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीबीएसई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सी.ओ.ई.), देहरादून के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा शिक्षण में नवाचार लाने और छात्रों की भागीदारी को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में सुश्री मुनीरा सिद्दीकी, प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल, सिरोहा गोविंद, मुरादाबाद तथा श्रीमती भावना भनोट, प्राचार्य ख्र आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल एवं सिटी को-ऑर्डिनेटर, उधमसिंह नगर, मौजूद रहीं। प्रशिक्षण के दौरान दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को "सक्रिय अधिगम" की अवधारणा, उसकी उपयोगिता और प्रभावी क्रियान्वयन के विविध तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि छात्र-केंद्रित कक्षा न केवल बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाती है, बल्कि उनकी विश्लेषण क्षमता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी विकसित करती है। समूह कार्य, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण, संवाद, प्रश्नोत्तरी और व्यावहारिक अनुभवों जैसी विधियों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। श्रीमती भावना भनोट ने शिक्षकों को पारंपरिक शिक्षण शैली से आगे बढ़ते हुए "सक्रिय अधिगम कक्षाओं" की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि छात्रों के सह-यात्री और मार्गदर्शक बनकर उनकी संपूर्ण विकास यात्रा में सहभागी हैं। वहीं, सुश्री मुनीरा सिद्दीकी ने 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली में सक्रिय अधिगम को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि इस पद्धति के माध्यम से ही ऐसे छात्र तैयार किए जा सकते हैं जो आत्मनिर्भर, नवाचारशील और वैश्विक दृष्टिकोण से संपन्न हों। कार्यशाला में लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता दिखाई। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें अपनी शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली और छात्रोन्मुख बनाने की नई दिशा मिली है।





## भगवती जागरण में मीना का हुआ स्वागत

रुद्रपुर । पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस की बरिष्ठ नेत्री, श्रीमती मीना शर्मा, 84 घंटा शिव मंदिर के पास , रम्पुरा पहुंची, जहां उन्होंने माँ भगवती के विशाल जागरण में प्रतिभाग कर माँ जगदम्बा से आशीर्वाद लिया, इस से पूर्व यहाँ पहुँचने पर आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगो ने माँ भगवती के जागरण में माँ का गुणगान सुना, और पुण्य लाभ अर्जित किया।



## धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई श्री यंत्र की अचल प्रतिष्ठा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री यंत्र सहित समस्त दश महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा महोत्सव पर शनिवार प्रात: कालीन स्थापित देवताओं तथा स्थाप्यमान देवता अग्नि ब्रह्मा सहित भू देवों का पूजन,तत्व होम,शांतिक पौष्टिक, मूर्ति मूर्त्यधिपति लोकपाल देवता होम, दश महाविद्याओं के पीठ देवता यंत्र आवरण देवताओं के प्रीत्यर्थ होम,पिण्डिका अधिवासन, पिण्डिका होम,अचल प्रतिष्ठा सहित प्रतिष्ठांग होम,आवाहित स्थापित देवताओं के प्रीत्यर्थ होम, व्याहृति होम, नवग्रह देवता प्रीत्यर्थ फलहोम गुग्गुल सर्षप होम लक्ष्मी होम,उत्तर पूजा स्विष्ट कृत होम नवाहुति बलिदान पूर्णाहुति, बसोर्धारा,उत्तरक्रम सहित,अचल प्रतिष्ठित श्री यंत्र सहित समस्त दश महाविद्याओं का प्रथम पूजन महाभोग महानीराजन, आचार्य ब्राह्मण देवताओं सहित श्री सद्गुरू देव का पूजन दक्षिणा प्रदान बटुक कन्या पूजन तथा समष्टि भण्डारे के साथ प्रतिष्ठा महोत्सव का सुखद सम्पादन मां राजराजेश्वरी की असीम कृपा से सुसंपन्न हुआ। जय गुरुदेव जी जय मां राजराजेश्वरी उपरोक्त समस्त प्रतिष्ठांग वैदिक धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के व्यवस्थापक श्रीमहंत पूज्य गुरुदेव पूरन चंद्र पाठक के सानिध्य में यज्ञाचार्य मुंबई से पधारे श्री शांतिलाल आत्मज प्रफुल्ल भाई दवे जी के कुशल मार्गदर्शन में और हरिद्वार से आएं आचार्य भुवन चंद्र पनेरू वेदपाठी जी के दिग्दर्शन में काशी के विद्वान वेदपाठी दत्तात्रेय नारायण रटाटे जी एवं मैसूर से आए घनपाठी रमेश गौर जी तथा वेदपाठी भवदीप भाई जी पं नेत्रबल्लभ,पं श्याम, पं नवीन पं अमित उपाध्याय, मोहित, पुष्पेन्द सहित विभिन्न प्रदेशों से आएं हुए 21 विद्वान वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा संपादित हुआ। जिसमें मुख्य जजमान -पुरनचंद पाठक, हेमा पाठक, सहयोगी मुकेश बोरा, संजय अग्रवाल, विधायक बंशीधर भगत, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, ओखल कांडा ब्लॉक प्रमुख केडी रूपाली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मण सिंह लमगरिया, अतुल गुप्ता, शरद अग्रवाल, वरांश शर्मा, महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमियाल, आनंद सिंह दरमियाल, मुनीश रस्तोगी, हेमचंद कोठारी, दीपचंद तिवारी, खेमानंद बृजवासी, रोहित साहू, मनीष केसरवानी, अंकुश केसरवानी, मनोज केसरवानी, हिमांशु केसरवानी, अतुल केसरवानी, आशीष केसरवानी सहित मंदिर समिति के सदस्य शामिल रहे।



## पेज एक का शेष...

**पूर्व छात्र संघ सह सचिव...**मित्र के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। उसने कुछ वर्ष पूर्व इसी क्षेत्र में एक आवास खरीदा था और वहीं निवास कर रहा था। समरजीत तेवतिया एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रसंघ सह सचिव रहे हैं और अपने छात्र जीवन में काफी सक्रिय रहे। बीते वर्ष वह विश्वविद्यालय की राजनीति और आंदोलनों में सुर्खियों में रहे। उनका नाम ऋषिकेश फायरिंग प्रकरण में भी सामने आया था। इसके अलावा, श्रीनगर में एक मारपीट प्रकरण को लेकर भी उन पर पूर्व में कार्रवाई हो चुकी थी। थाना श्रीनगर पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डिजिटल सबूतों के बाद ही स्पष्ट होंगे। पूर्व छात्रसंघ सह सचिव की मौत की खबर मिलते ही विश्वविद्यालय परिसर और छात्र संगठनों में शोक और सन्नाटा पसर गया। कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर शोक संदेश साझा करते हुए उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया।

**चिकित्सा उपकरणों की खरीद...**हवाला देते हुए कहा कि हल्द्वानी के सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में 9 करोड़ रुपये की लागत से बन रही कैथ लैब का कार्य न केवल वर्षों की देरी से शुरू हुआ, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि भवन से इमरजेंसी वार्ड तक पानी टपकने लगा है। माहरा ने कहा कि जब खुद सत्तारूढ़ दल के सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ सवाल उठा रहे हैं, तो स्थिति की गंभीरता समझी जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग एम्स ऋषिकेश से उपकरण खरीद की एनओसी लेकर प्रक्रिया को वैध ठहराने का प्रयास कर रहा है, जबकि एम्स की कार्यप्रणाली पहले से ही सवालों के घेरे में है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की और कहा कि दूध का दूध और पानी का पानी होना बेहद जरूरी है। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने खुलासा किया कि दो वर्ष पूर्व बदरीनाथ और केदारनाथ में बनाए जाने वाले अस्पतालों के लिए करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये के जो चिकित्सा उपकरण खरीदे गए थे, वे आज तक इस्तेमाल में नहीं लाए गए और अब गोदामों में जंग खा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर बिना उपयोग के इतने महंगे उपकरण क्यों और किसके कहने पर खरीदे गए? गोदियाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा और सहकारिता विभागों में भी तबादलों को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हो रही हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष (संगठन) सूर्यकांत धस्माना भी मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने उत्तरकाशी में एक पत्रकार की संदिग्ध मौत के मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग उठाई।

**स्वयं सेवक संघ...**है क्योंकि पर्यावरण के असंतुलन से विपदाएं आती हैं। ऐसे में पर्यावरण के संतुलन के लिए हर आदमी को अपना योगदान देना चाहिए। समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे के सुख दुख का सहभागी बनना चाहिए और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सदेव सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करता है और स्वयंसेवक इसका उदाहरण है जो हर समय राष्ट्र की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 94 वर्षीय सुंदरलाल चोटमुरादा ने कहा कि कई दशक बीत चुके हैं लेकिन आज भी आरएसएस अपने राष्ट्रभक्ति के सिद्धांत को लेकर अडिग है ।उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आरएसएस के सिद्धांतों को आत्मसात कर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे। इस दौरान भारत भूषण चुघ,सुरेश गांधी, काशीराम छाबड़ा ,उदयभान कालड़ा, देवेंद्र अरोड़ा ,मिथिलेश, सुखदेव कुमार ,जीएस तिवारी ,गुलशन चावला ,बंटी कटारिया, पारस चुघ ,चंदर चुघ, लक्ष्मण, मोहन, जितेंद्र, संजय कुशवाहा, एके दास, भावना जोशी, अंजू यादव, पूजा प्रसाद, ब्यूटी मलिक, आरती ,शेखर जोशी, राजकुमार, पुष्कर भटनागर, पूजा श्रीवास्तव, इशा अरोड़ा, शीला देशवाल ,सरिता सक्सेना, श्रद्धा, ममता सक्सेना, अनुपम, रचित, कनिष्का, दीक्षा पंत, काजल, संगीता, अंजनी भट्ट, लीला ,नीमा सामंत, विनीता कक्कड़, शीतल आर्य ,ललिता प्रसाद, रत्नेश, हिमांशु, राकेश ,अशोक, नीतू, नंदी, मीरा, अलंकृता, अंजू, रीता ,मोनिका आर्य, मंजू मौर्य, चंदर चोटमुरादा ,आनंद कुमार समेत तमाम स्वयंसेवक मौजूद थे

## गदरपुर में नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता रैली आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस.एस. पब्लिक स्कूल के सभागार में नशा उन्मूलन एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष रैली एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर द्वारा "नालसा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए कानूनी सेवाएं योजना" के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता राकेश सुखीजा ने की। मंच पर डॉ. प्रशांत कुमार चौहान, मीना ठाकुराठी, राजकुमारी, कुवर सिंह तथा हेल्थ ऑफिसर रविंदर सिंह नेगी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान डॉ. प्रशांत कुमार चौहान ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जीवन में नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। इसी क्रम में वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। श्री राकेश सुखीजा ने सभी विद्यार्थियों को नशे से संबंधित कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया तथा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर मदद लेने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री परविंदर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार, काशिफ खान, अजीत सिंह, इंदरजीत सिंह, जगदीश चंद्र, नितिन पराशर, गुरदयाल सिंह, संदीप कुमार, केवल कम्बोज, दिवाकर, हीना नेगी, काजल अरोरा, रेखा, शिखा उपाध्याय, प्रियंका शर्मा, नीलम अरोरा, अर्चना गुप्ता, हनी, विदिशा समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### सूचना

मैने अपने पुत्र नरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू को चाल चलन सही न होने पर अपनी संपत्ति जमीन जायदाद से बेदखल कर दिया है। संपत्ति पर उसका कोई हक नहीं है, जो लेन देन करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा। भविष्य में परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं है।

-कुलवंत सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम नगला नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर

**शहीद की अंतिम यात्रा...** ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। सूरज सिंह नेगी की शहादत की खबर जैसे ही उनके गांव लालपुर पहुंची, पूरा इलाका गमगीन हो गया। माता-पिता और परिवारजन अपने लाल की वीरगति की खबर सुनकर बेसुध हो गए। आज शहीद का पार्थिव शरीर विशेष विमान से उत्तराखंड लाया गया, जहां सेना और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कोटद्वार पहुंचने पर हजारों लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'सूरज सिंह अमर रहें' के नारों से पूरा माहौल गूंजा दिया। सेना की टुकड़ी ने शहीद को पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए गांव और आस-पास के क्षेत्रों से भारी भीड़ उमड़ी। परिजनों के अनुसार, सूरज कुछ समय पहले छुट्टी पर घर आए हुए थे। घरवालों के साथ कुछ दिन बिताने के बाद वे हाल ही में ड्यूटी पर लौटे थे। किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह उनका परिवार के साथ आखिरी मिलन होगा। शहीद की शहादत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राइफलमैन सूरज सिंह नेगी का बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा। राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में शहीद परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरज सिंह जैसे वीर जवानों की वजह से ही हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और देश गर्व से सिर उठा सकता है।

**लाखों की स्मैक...**गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, एसआई कौशल भाकुनी, एसआई मनोज धौनी, कांस्टेबल प्रेम सिंह कनवाल, सचिन चौधरी, तथा एसओजी टीम से हेड कांस्टेबल दीपक कुमार और हरीश गोस्वामी शामिल रहे।

**मारपीट कर ...**देकर मौके से फरार होगए। पीड़ित ने बताया कि उसे और उसके परिवार को अब जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# मंडलायुक्त दीपक रावत से मिले बागजाला के ग्रामीण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। किसान महासभा के बैनर तले बागजाला के लोगों ने जुलूस निकालकर कुमाऊँ कमिश्नर के कैम्प कार्यालय जाकर आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात की। कुमाऊँ कमिश्नर ने समस्याओं के समाधान पर कुछ समय में सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। वहीं अनिश्चितकालीन धरना 48 वें दिन जारी रहा। आयुक्त से वार्ता में गांव की समस्याओं को लेकर मांग पत्र देते हुए बागजाला की जनता की परेशानी को समाधान की मांग की गई। कुमाऊँ कमिश्नर ने समस्याओं के समाधान पर कुछ समय लेते हुए सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कमिश्नर को दो ज्ञापन दिए गए। एक कुमाऊँ कमिश्नर को उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले कार्यों को करवाने के लिए और दूसरा राज्य के मुख्यमंत्री को मालिकाना अधिकार का प्रस्ताव भेजने के लिए। किसान महासभा बागजाला कमेटी ने कहा जब तक समस्याओं पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है तब तक धरना आंदोलन जारी रहेगा। जुलूस प्रदर्शन में आनंद सिंह नेगी, बहादुर सिंह जंगी, भुवन जोशी, डॉ कैलाश पांडेय, डा उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, किशन बघरी, धीरज कुमार, प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, पंकज चौहान, दीवान सिंह बर्गली, गोविंद जीना, मीना भट्ट, हेमा आर्य, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, अनीता अन्ना विमला, मोहन लाल, गणेश राम, एम एस मलिक, दुर्गा देवी, मधु मटियाली, नरेश जोशी, हरीश, गिरधर सिंह, नवीन भट्ट, लक्ष्मण नाथ, निर्मल ठाकुर, पारवती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह कुंजवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, अंकिता, सतीश, पूजा, मंजू सिंह, ललिता देवी, गीता देवी, राधिका, सुनीता, सरोज, पुष्पा, दीपा दे ने ी, महेश राम, कृष्ण कुमार, सलमा, मनीराम, ललित प्रसाद, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, कमला देवी, दीपा जोशी, दीपिका, रमेश चन्द्र, रेशमा, भागुली देवी, सुनीता, नईम बानो, दीवान सिंह, किशन, मुकेश, मंजू, शांति देवी, भगवती देवी, जगदीश चंद्र, शोभा, कृष्ण कुमार, सुरेश आर्य, बसंती देवी, रूपा, कौशल्या, मनी राम, लक्ष्मी, महेन्द्र आर्य, मोहन लाल, ओम प्रकाश, हीरा लाल, लक्ष्मण राम, मुस्कान आर्य, राकेश, ईशा, सरस्वती, जीवन राम, मंजू टम्टा, नंदी देवी, नीलम आर्य, तुलसी देवी, भुवन, कौशल्या, गीता देवी, लक्ष्मी, सुनीता, नैन सिंह, भावना अटवाल, रमेश शर्मा, चेतन सिंह, सतपाल, प्रकाश फूलोरिया, कुन्दन मेहता, हयात सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह, गोविंद भट्ट, राजेन्द्र चौहान, जयकृष्णा, अंबा दत्त आदि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।








## धूमधाम से मनाया जायेगा भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस

रुद्रपुर। भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के पावन अवसर पर महर्षि बाल्मीकि धर्म समाज कल्याण समिति द्वारा गांधी कॉलोनी स्थित बाल्मीकि मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। समिति के अनुसार, 27 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसमें भक्तजन जयघोष करते हुए नगर भ्रमण कर भगवान वाल्मीकि के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं। मुख्य आयोजन 7 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे भगवान वाल्मीकि यज्ञ के रूप में संपन्न होगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को सायं 6 बजे सत्संग, 7 बजे भंडारा तथा रात्रि 9 बजे से भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में सुप्रसिद्ध भजन गायकों की टोली श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करेगी। इनमें के.के. तिवारी (बिलासपुर), नेहा कोरंगा (हल्द्वानी), अमित श्याम दीवाना (रुद्रपुर) और सवारियां ग्रुप शामिल हैं, जो अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के इस धार्मिक एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाले आयोजन में भाग लें और इसे सफल बनाएं।







## बांग्ला जात्रा गान मंचन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन

### बंगाल लोक कलाकारों ने सामाजिक जात्रा गान की शानदार प्रस्तुति दी

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र भर में दुर्गा पूजा महोत्सव समापन हो गया है। नगर समेत अन्य जगह पर मेले के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी समापन हो गया। स्थानीय कलाकारों के अलावा विभिन्न लोक कलाकार दुर्गा पूजा मंच पर अपना अभिनय की छाप छोड़ गए है। शनिवार रात नगर के दुर्गा पूजा रंगमंच पर बंगाल की लोक कला जात्रा गान की प्रस्तुति के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुए। बंगाल की लोक कला रूपबान जात्रा गान विजय बाछाड़ की निर्देशित नाटक मंचन को देखने के लिए रात 9:00 बजे से सुबह 4:00 बजे तक हजारों की संख्या में लोग कुर्सी पर जमे रहे। शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बांग्ला रामायण गान से शुरुआत हुई। जो पश्चिम बंगाल से आए मंदिर के पुरोहित असीत चक्रवर्ती की टीम ने किया। उसके बाद जात्रा गान का मंचन हुआ। कुर्सी दो बार मांगनी पड़ी। सफल कार्यक्रम को देखते हुए दुर्गा पूजा कमेटी के संरक्षक अनादी रंजन मंडल ने बताया कि कई वर्षों बाद दिनेशपुर जात्रा गान सुनने के लिए इतनी भारी संख्या में लोग उमड़े है। इसके कमेटी के कुशल नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। वही जात्रा गान के जनक कहे जाने वाले दुर्गा पूजा कमेटी के वयोवृद्ध संरक्षक चंद्रकांत मंडल ने कहा दुर्गा पूजा बंगाली समाज का प्रमुख उत्सव है, इससे प्रसिद्ध बांग्ला संस्कृति और लोक कलाएं जीवंत होती है। इस मौके पर उत्सव कमेटी अध्यक्ष रोहित मंडल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार ,परीक्षित कुमार, तपन सरकार,विशु राय, विक्की राय, रंजीत मंडल, सुजय मंडल, प्रसनजीत शाह, सौरव मलंगी, मिथुन बैरागी, जगन्नाथ सरकार सदानंद बाला, दिलीप मंडल मृदुल अधिकारी आशीष राय सुमित जोददार, मृणाल मंडल, ऋतुराज राय, दीपांकर राय, डॉ दीपांकर मंडल, लक्ष्मी राय, श्रति राय, नीतू मंडल, पारुल मंडल, मीना मंडल, मीना राय, सविता बैरागी, रीता गाईन, जमुना मंडल, सुनीता मिस्त्री, राधा राय,शिखा ढाली, प्रभा राय, करुणा मल्लिक, लक्ष्मी सरकार आदि मौजूद रहे।

